# प्रदेश में बनेंगे छह नए एक्सप्रेसवे

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख धार्मिक नगरों को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 6 नए एक्सप्रेसवे बनाए जाएंगे। वाराणसी और हरिद्वार भी गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएंगे। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की पर्यटन भवन लखनऊ में आयोजित बैठक में प्रस्तुतीकरण दिया गया।

गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के द्वितीय चरण में मेरठ से हरिद्वार और प्रयागराज से वाराणसी तक ग्रीन फील्ड वे का प्रस्ताव है। इस एक्सप्रेसवे से शाहजहांपुर, बरेली होते हुए रामपुर-रुद्रपुर (उत्तराखंड सीमा) तक एक एक्सप्रेसवे का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव है। इसी तरह से चित्रकूट धाम को प्रयागराज होते हुए गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ दिया जाता है, तो पश्चिमी उत्तर व पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड से आने वाला यातायात सुगम हो जाएगा। इसी तरह से झांसी लिंक एक्सप्रेसवे (बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से) और विंध्य एक्सप्रेसवे (चित्रकूट से मिर्जापुर) की भी योजना तैयार की गई है। ब्यूरो